# आकाशवाणी शिमला

**08.08.2024** **1945बजे**

**" मुख्य समाचार"**

- प्रदेश के कुल्लू, मंडी और शिमला जिलों मे बादल फटने की घटना में प्रभावित हुए परिवारों को वित्तीय सहायता देगी राज्य सरकार।
- प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में आयकर भरने वालों को नहीं मिलेगी निशुल्क पानी की सुविधा–हर कनेक्शन पर प्रतिमाह देना होगा सौ रूपए का बिल।
- उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा हिमकेयर योजना बंद करने की कोई मंशा नहीं–विपक्ष द्वारा फैलाई जा रही अफवाहों को बताया गलत।
- मॉनसून के सक्रिय होने से प्रदेश के अधिकांश इलाकों में जोरदार वर्षा–मौसम विभाग ने आगामी 24 घंटों में कुछ स्थानों पर भारी बारिश की चेतावनी की जारी।

**कैबिनेट**

राज्य मंत्रिमंडल ने प्रदेश के 3 जिलों कुल्लू, मंडी और शिमला में बादल फटने की घटना में प्रभावित परिवारों को वित्तीय सहायता प्रदान करने का निर्णय है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में आज शिमला में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में ये निर्णय लिया गया। इस दौरान आपदा से पूरी तरह क्षतिग्रस्त मकान मालिकों को शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में क्रमशः दस हजार रूपए और 5 हजार रूपए प्रतिमाह किराए के रूप में प्रदान करने का फैसला लिया गया। इस वर्ष पहली अगस्त से 31 अक्तूबर तक तीन महीने की अवधि के लिए मुफ्त राशन, एलपीजी, रिफिल, बर्तन और बिस्तर भी प्रदान किए जाएंगे। इसके अलावा बादल फटने से प्रभावित परिवारों को 50 हजार रूपए की तत्काल वित्तीय राहत वितरित की जाएगी। मंत्रिमंडल ने ग्रामीण क्षेत्रों में निशुल्क पानी देने के निर्णय को खत्म करते हुए हर कनैक्शन पर प्रतिमाह सौ रूपए बिल तय कर दिया है जबकि 50 हजार से कम आय वाले लोगों, विकलांगों और एकल महिला को मुफ्त पानी की सुविधा मिलती रहेगी। मंत्रिमण्डल ने पुलिस भर्ती की लिखित परीक्षा राज्य लोक सेवा आयोग के माध्यम से करवाने को मंजूरी दी है और एचआरटीसी की बसों में पुलिस जवानों को केवल सरकारी कार्य के लिए मुफ्त सेवा मिलेगी। इसके अलावा बैठक में आवकारी व कराधान विभाग को दो अलग–अलग विंग में पुर्नगठित करने को भी मंजूरी दी गई। मंत्रिमण्डल ने टांडा मैडिकल कॉलेज और आईजीएमसी शिमला

सहित अटल सुपर स्पैशिलिटि चम्याणा में विभिन्न श्रेणियों के सैंकडों पदों सहित अलग–अलग विभागों में कई पद भरने को भी मंजूर दी।

**अग्निहोत्री**

उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा है कि हिमकेयर योजना को बंद करने की प्रदेश सरकार की कोई मंशा नहीं है। वे आज शिमला में हिमकेयर कार्ड और आयुष्मान भारत कार्ड के संबंध में गठित मंत्रिमंडलिय उप–समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। अग्निहोत्री ने कहा कि इस योजना की कुछ कमियों को दूर कर इसे और अधिक सुदृढ़ बनाया जाएगा ताकि अधिक से अधिक जरूरतमंद लोगों को इसका लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि हिमकेयर योजना को बंद करने के संबंध में विपक्ष द्वारा फैलाई जा रही अफवाहें सरासर गलत हैं। अग्निहोत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने कुछ अनियमितताएं पाए जाने के बाद केवल निजी अस्पतालों को इस योजना के दायरे  से बाहर करने का निर्णय लिया है। उप–मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के लोगों को सरकारी अस्पतलों में हिमकेयर कार्ड के माध्यम से स्वास्थ्य सुविधा जारी रहेगी। मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि हिमकेयर कार्ड से स्वास्थय लाभ लेने के ऐसे कई मामले सामने आए है जहां मेडिकल बिल और उपचार की लागत में बहुत ज्यादा अंतर पाया गया है। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत निजी व सरकारी अस्पतालों को सरकार 4 सौ 57 करोड़ की अदायगी करेगी। बैठक में स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल, कृषि मंत्री चंद्र कुमार, राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी और आयुष मंत्री यादविंदर गोमा बतौर सदस्य मौजूद रहे।

**भेंट**

हिमाचल प्रदेश प्रशासनिक सेवा के 18 परिवीक्षाधीन अधिकारियों ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू से आज शिमला में भेंट की। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को प्रदेश के लोगों के कल्याण के लिए समर्पण भाव से कार्य करने को कहा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा जनकल्याण के लिए नीतियों में सकारात्मक बदलाव किए गए हैं। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को जमीनीस्तर पर इन बदलावों का क्रियान्वयन सुनिश्चित करने को भी कहा। इस दौरान अधिकारियों ने प्रशिक्षण के अनुभव मुख्यमंत्री के साथ साझा किए और लोगों की आकांक्षाओं पर खरा उतरने का आश्वासन दिया।

**शांडिल**

स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल ने कहा है कि प्रदेश के विकास में सेवा निवृत्त कर्मचारियों व वरिष्ठ नागरिकों का अहम योगदान है। वे आज सोलन जिले की सायरी पंचायत में पैंशन व वरिष्ठ नागरिक कल्याण संघ सायरी के 19वें स्थापना दिवस समारोह के अवसर पर जनसभा को संबोधित कर रहे थे। शांडिल ने कहा कि सेवा निवृत्त कर्मियों और वरिष्ठ नागरिकों के अनुभव का सभी को लाभ उठाना चाहिए। उन्होंने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार ने पुरानी पैंशन योजना को बहाल कर लाखों कर्मचारियों को उनका अधिकार दिया है और वरिष्ठजनों को सम्मान पूर्वक जीने के अधिकार की रक्षा की है। शांडिल ने सेवानिवृत्त कर्मियों व वरिष्ठ नागरिकों से युवा पीढ़ी का मार्गदर्शन करने का अग्रह किया ताकि वे नशे की लत से दूर रहें।

**जयराम ठाकुर**

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि रोजगार देने के नाम पर सत्ता में आई कांग्रेस सरकार हर दिन रोजगार के रास्ते बंद कर रही है। शिमला से जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने स्वाबलन्बन योजना को बंद कर दिया लेकिन चुनाव के समय स्टार्टअप योजना को गारंटी के रूप में प्रचारित करने के बाद अभी तक लागू नहीं कर पाई है। जयराम ठाकुर ने कहा कि सरकार बने हुए डेढ़ साल से ज्यादा का समय हो गया है लेकिन सरकार आज तक इस योजना का एक भी लाभार्थी नहीं बना पाई है। उन्होंने प्रदेश सरकार पर युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने का आरोप भी लगाया। जयराम ठाकुर ने सरकार से पूछा है कि स्टार्ट अप की गारंटी से डेढ़ साल में कितने युवाओं ने रोजगार शुरू किया है।

**राजीव बिंदल**

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने बांग्लादेश के मौजूदा हालात पर चिंता जताते हुए विपक्ष द्वारा की जा रही बयानबाजी को गुमराह करने वाला बताया है। आज सोलन में एक पत्रकार वार्ता के दौरान उन्होंने कहा कि विपक्ष हार की खीज निकालने के लिए अभद्र बयानबाजी कर रहा है। राजीव बिंदल ने कहा कि विपक्ष को बयानबाजी के बजाय राष्ट्र हित में कार्य करना चाहिए। उन्होनें कहा कि आपदा केंद्र सरकार भरपूर मदद कर रही है, लेकिन राज्य सरकार मदद लेने के बाद भी मुकर जाती है। बिंदल ने कहा कि हिमकेयर योजना के तहत आईजीएमसी में लोगों को लाभ नहीं मिल रहा है।

**<u>सुरेश कश्यप</u>**

भाजपा सांसद सुरेश कश्यप ने कहा है कि प्रदेश में बढ़ रहे अवैध खनन के मामले चिंताजनक है और प्रदेश सरकार को इस संबंध में सख्त कदम उठाने चाहिए। उन्होंने कहा कि कई स्थानों पर खनन का अवैध कारोबार नेताओं और समाज के प्रभावशाली व्यक्तियों के संरक्षण में चल रहा है। सुरेश कश्यप ने कहा कि सिरमौर जिले में भी अवैध खनन के मामले बढ़ते जा रहे हैं और विभिन्न नदियों में लगातार खनन की शिकायतें वन, खनन विभाग और पुलिस विभाग को मिलती रहती हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेशभर में एक जनवरी 2022 से 31 अगस्त 2023 तक अवैध खनन के कुल 2 हजार 6 सौ 10 मामले दर्ज किए गए थे। सुरेश कश्यप ने कहा कि खनन को रोकना अत्यन्त आवश्यक है क्योंकि इसके कारण बरसात के समय प्रदेश में भू–स्खलन का खतरा भी बढ़ जाता है।

**<u>मौसम</u>**

मॉनसून के सक्रिय होने से राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में जोरदार वर्षा हो रही है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों में प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में वर्षा का क्रम जारी रहने की संभावना जताई है। विभाग ने कुछ स्थानों पर गरज के साथ भारी बारिश की चेतावनी भी जारी की है। प्रशासन ने मौसम विभाग की चेतावनी को देखते हुए नदी नालों और भूस्खलन संभावित क्षेत्रों से लोगों को दूर रहने की सलाह दी है। इस बीच मंडी जिला प्रशासन ने भारी बारिश को देखते हुए जिले में होने वाले अंडर 14 जोनल टूर्नामेंट को स्थगित कर दिया है।

**महोत्सव**

राज्य वन विभाग के सहयोग से आकाशवाणी केंद्र शिमला व दूरदर्शन शिमला में आज वन महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आकाशवाणी व दूरदर्शन केंद्र शिमला के क्लस्टर प्रमुख गुरविंदर सिंह ने आकाशवाणी परिसर में चिनार का पौधा लगा कर वन महोत्सव का शुभारंभ किया। इस अवसर पर आकाशवाणी व दूरदर्शन के सभी अधिकारियों व कर्मचारियों ने बान, देवदार, अखरोट और अन्य सजावटी पौधे रोपित किए। क्लस्टर हैड गुरविंदर सिंह ने सभी से पर्यावरण सरंक्षण में अपना योगदान देने का आह्वान किया ताकि आने वाली पीढ़ी के लिए अमूल्य प्राकृतिक सौन्दर्य बना रहे। उन्होंने मौजूदा समय में सामने आ रही प्राकृतिक आपदाओं पर अंकुश लगाने के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाने की जरूरत बताई। गुरबिंदर सिंह ने वन विभाग से आए कर्मचारियों का वन महोत्सव में सहयोग करने के लिए विशेष आभार व्यक्त किया। इस बीच राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय शिमला ने

स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, शाखा घंडल के सहयोग से विश्वविद्यालय परिसर में 'वन महोत्सव' का आयोजन किया। परिसर में वृक्षारोपण अभियान में शिक्षकों, कर्मचारियों और छात्रों ने सक्रिय रूप से भाग लिया।

## महोत्सव

राज्य वन विभाग के सहयोग से आकाशवाणी केंद्र शिमला व दूरदर्शन शिमला में आज वन महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आकाशवाणी व दूरदर्शन केंद्र शिमला के क्लस्टर प्रमुख गुरविंदर सिंह ने आकाशवाणी परिसर में चिनार का पौधा लगा कर वन महोत्सव का शुभारंभ किया। इस अवसर पर आकाशवाणी व दूरदर्शन के सभी अधिकारियों व कर्मचारियों ने बान, देवदार, अखरोट और अन्य सजावटी पौधे रोपित किए। क्लस्टर हैड गुरविंदर सिंह ने सभी से पर्यावरण सरंक्षण में अपना योगदान देने का आह्वान किया ताकि आने वाली पीढ़ी के लिए अमूल्य प्राकृतिक सौन्दर्य बना रहे। उन्होंने मौजूदा समय में सामने आ रही प्राकृतिक आपदाओं पर अंकुश लगाने के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाने की जरूरत बताई। गुरबिंदर सिंह ने वन विभाग से आए कर्मचारियों का वन महोत्सव में सहयोग करने के लिए विशेष आभार व्यक्त किया। इस बीच राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय शिमला ने स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, शाखा घंडल के सहयोग से विश्वविद्यालय परिसर में 'वन महोत्सव' का आयोजन किया। परिसर में वृक्षारोपण अभियान में शिक्षकों, कर्मचारियों और छात्रों ने सक्रिय रूप से भाग लिया।

## मुख्य समाचार

- प्रदेश के कुल्लू, मंडी और शिमला जिलों मे बादल फटने की घटना में प्रभावित हुए परिवारों को वित्तीय सहायता देगी राज्य सरकार।
- प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में आयकर भरने वालों को नहीं मिलेगी निशुल्क पानी की सुविधा–हर कनेक्शन पर प्रतिमाह देना होगा सौ रूपए का बिल।
- उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा हिमकेयर योजना बंद करने की कोई मंशा नहीं–विपक्ष द्वारा फैलाई जा रही अफवाहों को बताया गलत।
- मॉनसून के सक्रिय होने से प्रदेश के अधिकांश इलाकों में जोरदार वर्षा–मौसम विभाग ने आगामी 24 घंटों में कुछ स्थानों पर भारी बारिश की चेतावनी की जारी।